मॉडल पेपर 2

हिन्दी **कक्षा-8** **(अभ्यासार्थ)**

समय : 2:30 घण्टे पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश–

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यत: लिखें।
2. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न—सही विकल्प चुनकर कोष्ठक में लिखिए।

1. 'भगवान के डाकिए' कविता में डाकिए बताए गए हैं— 1

(अ) कबूतर और मैना (ब) हंस और बाज

(स) पक्षी और बादल (द) पवन और वसंत। ( )

2. अन्तरिक्ष से आने वाली बस खबर लेकर आयेगी— 1

(अ) जिन्होंने हिम्मत नहीं हारी (ब) जो जीवन से हार गये

(स) जो लक्ष्य से भटक गये (द) इनमें से कोई नहीं। ( )

3. बदलू को सबसे ज्यादा चिढ़ किस बात से थी— 1

(अ) लाख की गोलियों से (ब) काँच की गोलियों से

(स) काँच की चूड़ियों से (द) लाख की चूड़ियों से ( )

4. लेखक के अनुसार बस कम्पनी के हिस्सेदार को होना चाहिए था— 1

(अ) टायर कम्पनी का मालिक

(ब) कबाड़ा विक्रेता

(स) क्रान्तिकारी आन्दोलन का नेता

(द) बचत अभियान का नेता। ( )

5. पत्र को संस्कृत में कहा जाता है— 1

(अ) उत्तरम् (ब) लेख

(स) पत्रम् (द) कडिद। ( )

6. 'कबीर घास न नींदिए' द्वारा कबीर ने उपदेश दिया है— 1

(अ) घास की निंदा मत करो

(ब) घास आँख में गिरने पर बहुत कष्ट होता है

(स) घास पशुओं का भोजन है

(द) तुच्छ समझकर किसी का अपमान मत करो। ( )

7. दिनेश शिक्षा समाप्त करके अपने पैरों पर खड़ा हो गया। रेखांकित मुहावरे का अर्थ है — 1

(अ) स्वावलम्बी होना (ब) खड़ा हो जाना

(स) पैरों को मजबूत करना (द) पैरों से चलना ( )

8. भारतीय सेना अजेय है। रेखांकित शब्द का बहुवचन होगा— 1

(अ) सेनाए (ब) सेनाओं (स) सैनिक (द) सेनाएँ ( )

उत्तर-तालिका—

1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

9. "पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल सों पग धोए।" पंक्ति में वर्णित भाव का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए। 2

उत्तर— ....

....

10. जिस प्रकार लकड़ में 'हारा' प्रत्यय लगाने से 'लकड़हारा' बनता है। इसी प्रकार 'हारा' प्रत्यय लगाकर दो नये शब्द बनाइए। 2×1=2

(1) पनिहारा (2) पालनहारा।

उत्तर— ....

....

11. दिए गए व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द का वाक्य में प्रयोग कर लिखिए- 2×1=2

(1) मोहन (2) गंगा

उत्तर— ....

....

12. दोषों का पर्दाफाश करना कब बुरा रूप ले सकता है ? 'क्या निराश हुआ जाए?' पाठ के आधार पर बताइए। 2

उत्तर— ....

....

....

13. पदों के आधार पर बताइए कि सूरदास जी ने बाल स्वभाव की कौन-कौन सी विशेषताएँ कृष्ण में दिखाई हैं? 2

उत्तर— ....

14. 'कामचोर' कहानी क्या संदेश देती है ? 2

उत्तर—

लघूत्तरात्मक प्रश्न

15. सड़क यातायात सुरक्षा संबंधी कोई दो स्लोगन (नारे) बनाइए। 4

उत्तर—

16. फूलों को अनंत तक विकसित करने के लिए कवि कौन-कौन से प्रयास करता है ? 4

उत्तर—

17. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द का प्रयोग करते हुए एक-एक वाक्य लिखिए— 4×1=4

1. गृह 2. पृथ्वी 3. जल 4. जंगल

उत्तर—

18. कविता 'दीवानों की हस्ती' में 'हम दीवानों' से कवि का आशय क्या है? क्या उसने स्वयं को दीवाना कहा है या उसका संकेत किन्हीं और लोगों की ओर है? लिखिए। 4

उत्तर—

19. "मशीनी युग ने कितने हाथ काट दिए हैं।" इस पंक्ति में लेखक ने किस व्यथा की ओर संकेत किया है ? 4

उत्तर—

20. आपके अनुसार गवरइया के अत्यन्त कठिन कार्य में भी सफलता पाने का कारण क्या हो सकता है? 4

उत्तर—

21. विद्यालय परिसर को हम किस प्रकार साफ रख सकते हैं? 4

उत्तर—

निबंधात्मक प्रश्न—

22. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए— 8

तेरैं लाल मेरौ माखन खायौ।
दुपहर दिवस जानि घर सूनो
ढूँढ़ि-ढँढ़ोरि आपही आयौ।
खोलि किवारि, पैठि मंदिर मैं,
दूध-दही सब सखनि खवायौ।
ऊखल चढ़ि, सींके कौ लीन्हौ,
अनभावत भुईं मैं ढरकायौ।
दिन प्रति हानि होति गोरस की,
यह ढोटा कौनैं ढँग लायौ।
सूर स्याम कौं हटकि न राखै
तैं ही पूत अनोखौ जायौ।

अथवा

अभी न होगा मेरा अंत
अभी-अभी ही तो आया है
मेरे वन में मृदुल वसंत—
अभी न होगा मेरा अंत।
हरे-हरे ये पात,
डालियाँ, कलियाँ, कोमल गात।
मैं ही अपना स्वप्न-मृदुल-कर
फेरूँगा निद्रित कलियों पर
जगा एक प्रत्यूष मनोहर।

उत्तर—

EX_All in One_Deskwork-8_(Page-)Book Code 360.23 4.WebA Front 04-02-2023

23. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए— $4 \times 2 = 8$

"आकाश की असीम शून्यता में क्या ऐसा आकर्षण छिपा है जिसके लिए बाज ने अपने प्राण गँवा दिए? वह खुद तो मर गया लेकिन मेरे दिल का चैन अपने साथ ले गया। न जाने आकाश में क्या खजाना रखा है? एक बार तो मैं भी वहाँ जाकर उसके रहस्य का पता लगाऊँगा चाहे कुछ देर के लिए ही हो। कम से कम उस आकाश का स्वाद तो चख लूँगा।"

(i) बाज के मर जाने के बाद साँप आकाश के बारे में क्या सोच रहा था?

(ii) बाज की मौत ने साँप को क्या सोचने पर मजबूर कर दिया?

(iii) साँप ने क्या निश्चय किया?

(iv) निम्नलिखित शब्दों के विपरीत अर्थ वाले शब्द गद्यांश में ढूँढ़कर लिखिए—

(i) जल्दी (ii) ससीम

उत्तर—

24. **शैक्षिक भ्रमण हेतु अपने प्रधानाध्यापक महोदय से अनुमति प्राप्त करने के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए।** 8

अथवा

हिन्दी की पुस्तक माँगने के लिए दो छात्रों के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए। 8

उत्तर—

25. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए— 8

(i) विद्यालय का वार्षिकोत्सव

(ii) राष्ट्रीय एकता

(iii) स्वतंत्रता दिवस

(iv) डिजिटल इंडिया

उत्तर—